# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 22.04.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, जनसंदेश टाइम्स, जागरूक एक्सप्रेस, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 22.04.2025

**अधिकारियों के आवास के निर्माण का प्रस्ताव वीडीए ने किया स्वीकृत**

**वाराणसी।** डीआईजी कॉलोनी में अधिकारियों के लिए आवास बनाए जाएंगे। वीडीए ने इसके प्रस्ताव को स्वीकृत किया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार आवासों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। एक प्लॉट में तीन मंजिल भवन में टू और थ्री बीएचके के चार फ्लैट बनेंगे। इसमें 2.68 करोड़ की लागत आएगी। वहीं, दूसरे प्लॉट पर तीन मंजिल में टू और थ्री बीएचके के छह फ्लैट बनेंगे। इसकी लागत 3.84 करोड़ है। ब्यूरो

**वीडीए ने ध्वस्त कराई अवैध प्लॉटिंग**

**वाराणसी।** वीडीए की टीम ने सोमवार को शिवपुर में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार शिवपुर वार्ड के परमानंदपुर होलापुर में अज्ञात की ओर से 5500 वर्गमीटर में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। नोटिस देने के बावजूद काम जारी रखने पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा की अगुवाई में कार्रवाई की गई। ब्यूरो

**अवैध पेट्रोल पंपों पर करें कार्रवाई**

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने सोमवार को वीडीए में साप्ताहिक कार्यों की समीक्षा की। कहा कि अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल, डीजल, सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के खिलाफ कार्रवाई करें। अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण कराएं। ब्यूरो

### दैनिक जागरण–दि0 22.04.2025

**विकास प्राधिकरण ने तोड़ी अवैध प्लाटिंग**

**वाराणसी :** विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर सोमवार को अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन एक के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा ने बताया कि शिवपुर वार्ड के परमानंदपुर स्थित होलापुर में करीब 55 सौ वर्गमीटर में अवैध प्लाटिंग वीडीए से बिना ले-आउट पास कराए की जा रही थी। (जासं)

## दैनिक जागरण–दि0 22.04.2025

### धोबी घाट के सुंदरीकरण के लिए किया शिलान्यास

**वाराणसी :** विकास प्राधिकरण की ओर से प्रस्तावित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के पथराबाग क्षेत्र में स्थित धोबी घाट के समग्र विकास बाउंड्रीवाल, शेड, बोरिंग, पंप हाउस समेत अन्य मरम्मत कार्यों का शिलान्यास मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल ने किया। वीडीए के अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, अवर अभियंता अशोक त्यागी, रोहित जायसवाल आदि रहे। (जासं)

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 22.04.2025

### शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में वीडीए का महत्वपूर्ण कदम



**वाराणसी।** शहर की सौंदर्यीकरण की दिशा में वीडीए ने जहां महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जे०एच०वी० मॉल से वरुणा पुल तक जहां जल्द सौंदर्यीकरण किए जाने की पहल शुरू कर दी है,वही नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा मे महत्वपूर्ण बैठक और निरीक्षण भी किया है। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में प्रमुख होटल के प्रतिनिधि और वीडीए के अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान जे०एच०वी० मॉल- वरुणा पुल तक प्रस्तावित सौंदर्यीकरण पर जहां विचार विमर्श किया,वही होटलो के प्रतिनिधियो से सुझाव साझा की। इस दौरान अपर सचिव ने उक्त क्षेत्रो का निरीक्षण किया। जहां लगभग 500 मीटर क्षेत्र में बनाए जाने वाले फूटपाथ,पार्किंग,लैंडस्केपिंग,सिटिंग का जहां स्थिति को देखा ,वही एरिया एवं इनफार्मेशन साइनेंज कार्य स्थल की जानकारी ली। बैठक में होटल क्लार्क, रेडिसन, अंमाया, रमाडा सहित अन्य प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे इस अवसर पर प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई और प्रतिष्ठानों से उनके सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई । जिससे यह क्षेत्र पर्यटन के अनुकूल, सुव्यवस्थित एवं सौंदर्यपूर्ण रूप में विकसित हो सके।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 22.04.2025

# परमानंदपुर में गरजा बुलडोजर, अवैध प्लाटिंग ध्वस्त



जिला संवाददाता

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण का सोमवार का भी बुलडोजर एक्शन जारी रहा। वीडीए की टीम ने शिवपुर थाना क्षेत्र में चल रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि परमानंदपुर, होलापुर में लगभग 60 हजार स्क्वायर फीट में अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही थी। जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्र के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे प्रवर्तन दल ने बुलडोजर की मदद से प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। प्लाटिंग कौन करा रहा इसकी जानकारी वीडीए नहीं कर पाया। मौके पर वीडीए ने अज्ञात के खिलाफ नोटिस चस्पा की और आसपास के लोगों को लाउड हेलर के जरिए चेताया कि बिना लेआउट, नक्शा पास हुए कोई प्लाट नहीं खरीदें। वीडीए की टीम ने पांच दिन पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए रोहनिया थाना क्षेत्र में 08 बीघे में चल रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त किया था। रोहनिया के पंडितपुर में शीतला प्रसाद 08 बीघे में प्लाटिंग कर अवैध कालोनी विकसित कर रहे थे। वीडीए ने प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ ही शीतला व अन्य को नोटिस भी थमाई है।

## न्यायाधीश–दि0 22.04.2025

# जे0एच0वी0 मॉल से वरुणा पुल तक सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत विकास कार्यों के लिए निरीक्षण एवं बैठक संपन्न



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा द्वारा जे0एच0वी0 मॉल से वरुणा पुल तक लगभग 500 मीटर क्षेत्र में प्रस्तावित फूटपाथ, पार्किंग, लैंडस्केपिंग, सिटिंग एरिया एवं इनफार्मेशन साइनेंज कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। यह पहल शहर की सौंदर्यता एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।निरीक्षण के उपरांत क्षेत्र में स्थित प्रमुख होटलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर विस्तृत विचार-विमर्श हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक दिनांक 21 अप्रैल 2025 को सांय 05:00 बजे अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें होटल क्लार्क, रेडिसन, अमाया, रमाडा सहित अन्य प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई तथा सभी प्रतिष्ठानों से उनके सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई, जिससे यह क्षेत्र पर्यटन के अनुकूल, सुव्यवस्थित एवं सौंदर्यपूर्ण रूप में विकसित हो सके।

## न्यायाधीश–दि0 22.04.2025

### धोबी घाट के विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के पथराबाग क्षेत्र में स्थित धोबी घाट के समग्र विकास हेतु प्रस्तावित बाउंड्रीवाल, शेड, बोरिंग, पंप हाउस एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों का शिलान्यास आज मा0 विधायक मुग़लसराय श्री रमेश जायसवाल जी के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।यह परियोजना धोबी समाज की सुविधाओं में गुणात्मक सुधार लाने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को बेहतर स्वच्छता एवं जल सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।इस अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, अवर अभियंता अशोक त्यागी तथा जे0ए0ई0 रोहित जायसवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 22.04.2025

### अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी

वाराणसी।वार्ड-शिवपुर के अन्तर्गत अज्ञात द्वारा मौजा-परमानन्दपुर, होलापुर, वार्ड शिवपुर में लगभग 5500.00 वर्गमीटर में अवैध प्लाटिंग बिना ले -आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी,उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, उक्त अवैध प्लाटिंग को आज 21.04.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।